# प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं.: (0755) 2578801-04 फैक्स नं.: 0755-2550498 वेबसाईट : www.peb.mp.gov.in

# परीक्षा–परिणाम

## समूह–2 उप समूह–4 के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों/कार्यालयों में सहायक सपंरीक्षक, कनिष्ठ सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर व अन्य पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा–2020

## (पुनः परीक्षा)

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन परीक्षा तिथि | 18 एवं 19 दिसंबर 2021 |
| ऑनलाईन परीक्षा परिणाम तिथि | 29 जनवरी, 2022 |

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

29/01/22

29/1/22

29/01/2022

29/1/22

# प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

## समूह–2 उप समूह–4 के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों / कार्यालयों में सहायक सपंरीक्षक, कनिष्ठ सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर व अन्य पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा–2020 (पुनः परीक्षा)

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा दिनांक 18 एवं 19 दिसंबर 2021 को मध्यप्रदेश के 11 परीक्षा शहरों में समूह–2 उप समूह–4 के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों/कार्यालयों में सहायक सपंरीक्षक, कनिष्ठ सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर व अन्य पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा–2020 (पुनः परीक्षा) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों की जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार हैः–

1. इस परीक्षा हेतु ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त **62686** मान्य आवेदन–पत्रों के प्रवेश–पत्र जारी किए गए थे, जिसमें से **19585** अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।
2. परीक्षा उपरांत बोर्ड द्वारा अभ्यर्थियों की उत्तरपुस्तिकायें वेबसाईट पर अपलोड किये जाकर अभ्यर्थियों से प्रश्न–उत्तरों के संबंध में अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर कुंजी समिति के अभिमत अनुसार अंतिम उत्तर कुंजी एवं नार्मलाईज्ड प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया।
3. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई श्रेणी, संवर्ग, लिंग, जन्मतिथि, मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी व आवेदित पद से संबंधित विकल्प/प्राथमिकताक्रम के आधार पर नियमानुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
4. इस परीक्षा में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों तथा अंतिम रूप से उपलब्ध करवाई गई विभागवार, पदवार, श्रेणीवार व संवर्गवार पदों की संख्या, भरे गए पद, रिक्त रहे पद एवं कटऑफ अंकों का विवरण **परिशिष्ट–1** पर संलग्न है।
5. नियमपुस्तिका के अनुसार ऑनलाईन परीक्षा में अनारक्षित श्रेणी के पदों हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत तथा आरक्षित श्रेणी एवं निःशक्तजन के पदों हेतु न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण मानते हुए विभागवार, पदवार, श्रेणीवार व संवर्गवार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
6. नियमानुसार विकलांग संवर्ग के अभ्यर्थियों से संबंधित पद पूर्व से ही अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत बिना वर्ग/ओपन में सम्मिलित है। अतः जितने भी अभ्यर्थी विकलांग संवर्ग के अंतर्गत अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित मेरिट के आधार पर प्राप्त हुए हैं, उनके पदों को संबंधित श्रेणी के बिना वर्ग/ओपन के निर्धारित पदों में से घटाकर श्रेणी एवं विकलांग संवर्गवार परिणाम तैयार किया गया है। निःशक्तजन अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची तैयार नहीं की गई है।
7. नियमों में रिक्त पदों के परिवर्तन संबंधी निर्देश नहीं होने के कारण भूतपूर्व सैनिक संवर्ग के रिक्त रहे पदों को परिवर्तित कर नहीं भरा गया है।
8. नियमानुसार समान प्राप्तांक वाले अभ्यर्थियों की आयु के आधार पर पारस्परिक वरीयता निर्धारित की गई है अर्थात् आयु में वरीष्ठ अभ्यर्थी को वरीयता दी गई है।
9. प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्रों के साथ अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के दस्तावेज, अंकसूची, प्रमाण–पत्र आदि नहीं मंगाए गए थे। अतः तैयार की गई प्रावीण्य/प्रतीक्षा सूची के आधार पर आवेदक की समस्त जानकारियों, दस्तावेजों, प्रमाण–पत्रों आदि का सत्यापन व परीक्षण संबंधित विभाग/कार्यालय के स्तर से किया जायेगा तथा उचित पाए जाने पर ही संबंधित विभाग/कार्यालय के नियमानुसार अंतिम चयन/नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी।
10. बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम तैयार कर संबंधित विभाग/कार्यालय को उपलब्ध करवाया जायेगा। अतः परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत समस्त कार्यवाही विभाग/कार्यालय स्तर से की जायेगी।
11. नियमपुस्तिका के अनुसार परीक्षा परिणाम की जानकारी पी.ई.बी. की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है, जहाँ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल :
दिनांक : 29 जनवरी, 2022

(डॉ. ए. हेमलता)
नियंत्रक
प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड
भोपाल